हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, गुरुवार 1 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 12.7 डिग्री
न्यूनतम 6.5 डिग्री

12 पुस्तक मेले में विद्यार्थियों ने पढ़ी ज्ञानवर्धक पुस्तकें



12 स्वागत 2026 : नए साल के जश्न में डूबे लोग



## नववर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनाएं
















# स्वागत 2026 : नए साल के जश्न में डूबे लोग

■ शहर से लेकर मुरथल तक होटल, ढाबे और रेस्टोरेंट 'हैप्पी न्यू ईयर' की गूंज से सराबोर रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

नववर्ष-2026 के स्वागत को लेकर बुधवार शाम से ही सोनीपत जिले के शहरों, कस्बों और गांवों में उल्लास का माहौल छा गया। पुराने वर्ष को विदाई और नूतन वर्ष के इस्तकबाल के लिए लोगों ने पूरे जोश और उमंग के साथ जश्न मनाया। जैसे-जैसे रात गहराती गई, वैसे-वैसे खुशियों का रंग और भी चटख होता चला गया। शहर से लेकर मुरथल तक होटल, ढाबे और रेस्टोरेंट 'हैप्पी न्यू ईयर' की गूंज से सराबोर रहे।

नूतन वर्ष के आगमन से पहले ही केक, मिठाई, गुलदस्तों और बुके की दुकानों पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मित्रों, परिजनों और रिश्तेदारों ने एक-दूसरे को बधाइयां दीं। सोशल मीडिया पर भी शुभकामनाओं का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। होटलों और रेस्टोरेंटों को आकर्षक झालरों और बहुरंगी फूलों से सजाया गया था, जिससे पूरा माहौल उत्सवमय नजर आया।



### मुरथल में दिखी खास रौनक

नूतन वर्ष के जश्न में मुरथल का अंदाज कुछ अलग ही रहा। शाम ढलते ही यहां के ढाबों और होटलों पर युवाओं की भारी भीड़ जुटने लगी। दिल्ली और सोनीपत सहित आसपास के क्षेत्रों से आए युवा वर्ग ने आर्केस्ट्रा और डीजे की धुनों पर जमकर थिरकते हुए नए साल का स्वागत किया। मुरथल के ढाबों की चकाचौंध देखते ही बनती थी। आधी रात तक फिल्मी गीतों पर मस्ती का दौर चलता रहा। जैसे ही घड़ी ने 12 बजाए, आतिशबाजी के साथ नववर्ष का अभिनंदन किया गया।

### पुलिस रही मुस्तैद, अलग-अलग जोन में तैनात रहे सैकड़ों जवान

नववर्ष की खुशियों में किसी तरह का व्यवधान न आए इसके लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क रही। डीसीपी प्रबिना पी ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर हाईवे को अलग-अलग जोन में बांटकर पुलिस तैनात की गई थी। पुलिसकर्मी और बाइक राइडर देर रात तक गश्त करते रहे। पीसीआर टीमों ने न केवल सुरक्षा संभाली, बल्कि जरूरत पडने पर लोगों की मदद भी की।

# दो करोड़ की रंगदारी मांगने मामले में केस

**सोनीपत।** बहालगढ़ में पहल न्यूट्रिशियन के मालिक से दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच तेज कर दी है। पीड़ित व्यापारी को विदेश से कॉल कर व वॉयस मैसेज भेजकर जान से मारने की धमकी देते हुए रंगदारी की मांग की गई थी। गांव गुमड़ निवासी वीरेंद्र पहल ने प्राथमिकी दर्ज कराई है कि 26 दिसंबर को उनके पास दो अलग-अलग मोबाइल नंबरों से धमकी भरी कॉल आई थीं। कॉल करने वाले ने खुद को रोहित गोदारा ग्रुप का महेंद्र डेलाना बताया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए सोनीपत पुलिस ने विशेष एंटी गैंगस्टर यूनिट और एसटीएफ की टीम जांच में जुटी है। कॉल की लोकेशन, इंटरनेशनल नंबरों की डिटेल और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है। कॉल डिटेल रिकॉर्ड और साइबर तकनीक की मदद ली जा रही है।




# छात्रा का फोटो किया वायरल तीन सहपाठी छात्राएं गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत



■ दो नाबालिग भेजी बाल सुधार गृह, एक बालिग छात्रा को भेजा न्यायिक हिरासत में

कुंडली थाना क्षेत्र में 12वीं कक्षा की छात्रा व उसकी तीन सहेलियों का फोटो एडिट कर सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया गया है।

कुंडली थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवक ने 16 सितंबर को कुंडली थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि उनकी बहन क्षेत्र के निजी स्कूल में 12वीं कक्षा की छात्रा है। उनकी बहन व उसकी तीन सहेलियों के फोटो एडिट कर उन्हें 14 सितंबर की रात को सोशल मीडिया के एक अकाउंट से वायरल किया गया था। जिसमें पुलिस ने जांच शुरू कर दी थी। साइबर सेल की मदद से तकनीकी जांच की और पुख्ता साक्ष्यों के आधार पर बुधवार को मामले में पीड़ति छात्राओं की सहपाठी तीन छात्राओं को पकड़ लिया। उनमें दो नाबालिग को अभिरक्षा में लेकर बाल सुधार गृह भेज दिया। वहीं बालिग छात्रा को अदालत के निर्देश पर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस ने आरोपी छात्रा की पहचान उजागर नहीं की है।

### फोटो एडिट कर डाला

पुलिस जांच में सामने आया है कि पकड़ी गई छात्राएं अपनी सहपाठियों से ईष्या करती थी। इसी मानसिकता के चलते उन्होंने सामान्य तस्वीरों को आपत्तिजनक रूप में परिवर्तित कर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा किया, जिससे पीड़ित छात्राओं को मानसिक आघात और सामाजिक अपमान का सामना करना पड़ा।

## दिन भर नहीं हुए सूर्य देव के दर्शन

# कोल्ड डे : शीतलहर और कोहरे से जनजीवन प्रभावित

■ छठे दिन भी कोहरे की चादर में लिपटा रहा सोनीपत, अधिकतम तापमान में 2 डिग्री की हुई गिरावट

**सोनीपत।** सोनीपत जिले में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे का सितम लगातार जारी है। बुधवार को लगातार छठे दिन पूरा जिला कोहरे की सफेद चादर में लिपटा नजर आया। आलम यह रहा कि मंगलवार रात नौ बजे से ही कोहरा गहराना शुरू हो गया था जिसने बुधवार दोपहर तक रफ्तार और जनजीवन दोनों पर ब्रेक लगाए रखा। सूर्य देव के दर्शन न होने और बर्फीली हवाओं के चलने के कारण जिले में बुधवार को कोल्ड डे जैसी स्थिति बनी रही। दूसरी ओर कोहरे के कारण जिले में दो जगहों पर सड़क हादसे हुए, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई।

एक हादसा नेशनल हाइवे 44 पर तो दूसरा हादसा खरखौदा में हुआ। बता दें कि मंगलवार की रात से ही वातावरण में नमी और कोहरे का प्रभाव इतना अधिक था कि सड़कों पर आवाजाही जोखिम भरी हो गई। बुधवार सुबह सात बजे दृश्यता मात्र 20 मीटर दर्ज की गई। इसके बाद सुबह आठ बजे तक दृश्यता में मामूली सुधार हुआ और यह 30 मीटर तक पहुंची।

सुबह दस बजे तक भी स्थिति बहुत बेहतर नहीं थी और दृश्यता 80 मीटर के आसपास ही बनी रही। घने कोहरे के कारण नेशनल हाईवे और अन्य मुख्य मार्गों पर वाहनों की गति बेहद धीमी रही। वाहन चालक दिन में भी हेडलाइट जलाकर रेंगते हुए आगे बढ़ने को मजबूर दिखे। कोहरे का सबसे ज्यादा असर लंबी दूरी की बसों और ट्रेनों के परिचालन पर पड़ा जो अपने निर्धारित समय से काफी देरी से चल रही हैं।

### 12 डिग्री तक गिर गया अधिकतम तापमान



तापमान के आंकड़ों पर नजर डालें तो सोनीपत के न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि अधिकतम तापमान 12.7 डिग्री सेल्सियस रहा। अधिकतम तापमान सामान्य से काफी नीचे रहा, वहीं मंगलवार के मुकाबले अधिकतम तापमान में 2.1 डिग्री की कमी दर्ज की गई। जिसके कारण दिनभर लोग गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आए और जगह जगह अलाव का सहारा लेते दिखे। जब न्यूनतम तापमान दस डिग्री से कम हो और अधिकतम तापमान में सामान्य से साढ़े चार डिग्री या उससे अधिक की गिरावट आए तो उसे कोल्ड डे माना जाता है। बुधवार को सोनीपत में ठीक ऐसी ही स्थिति रही।

### शीतलहर से कंपकंपी

ठंड के साथ साथ हवा की गति ने भी कंपकंपी बढ़ा दी है। दिनभर करीब 10 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से शीतलहर चलती रही जिससे घर से बाहर निकलने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। विशेषकर दोपहिया वाहन चालकों और खुले में काम करने वाले मजदूरों के लिए यह मौसम काफी कष्टकारी साबित हो रहा है। प्रशासन ने लोगों को सलाह दी है कि बहुत जरूरी होने पर ही घरों से बाहर निकलें और बच्चों व बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें।

### पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से अभी तापमान गिरेगा

केवीके जगदीशपुर के वैज्ञानिक डॉ. प्रेमदीप ने बताया कि आने वाले कुछ दिनों तक कोहरे और ठंड से राहत मिलने की उम्मीद कम है। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना के चलते तापमान में और गिरावट आ सकती है। जिले में 4 तारीख तक कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया गया है।वहीं कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि गेहूं की फसल के लिए यह ठंड और कोहरा काफी फायदेमंद है क्योंकि इससे फसल की बढ़त अच्छी होती है। हालांकि जिन किसानों ने हाल ही में सब्जियों की बुवाई की है उन्हें पाले के डर से फसल को बचाने के उपाय करने पड़ रहे हैं।

# हादसा : वाहन की टक्कर में सहायक प्रोफेसर की मौत

■ कार से कुंडली जा रही थी डॉ. निशा गुलिया, रास्ते में हादसा

**सोनीपत।** नेशनल हाईवे-44 पर बहालगढ़ के पास वाहन की टक्कर से एक असिस्टेंट प्रोफेसर की मौत हो गई। वह रात को कार से कुंडली जा रही थी। वह कार से उतरी तो किसी वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। पुलिस ने पिता के बयान पर वाहन चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। मूलरूप से गांव पुरखास हॉल सेक्टर-15 निवासी आरएस गुलिया ने बताया कि उनकी बेटी डॉ. दिशा गुलिया (34) कुंडली स्थित राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी, उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान (निफ्टम) में अनुबंध आधार पर असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत थीं। वह फूड बिजनेस मैनेजमेंट एवं एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट विभाग में कार्यरत थी और निफ्टम के ही हॉस्टल में रहती थीं। उनकी बेटी ने निफ्टम से दो साल पहले पीएचडी की डिग्री ली थी। वह वीकेंड पर अक्सर घर आ जाती थीं। मंगलवार रात करीब दस बजे परिवार को हादसे की सूचना मिली। बेटी के सिर पर गंभीर चोट के निशान हैं। परिजनों ने बताया कि वह काफी होनहार थी। उनके पिता सेवानिवृत्त एसडीओ हैं और भाई निजी क्षेत्र में कार्यरत हैं। दिशा ने अभी शादी नहीं की थी। निशा का 18 नवंबर को जन्मदिन था। दिशा गुलिया की हादसे में मौत का पता लगते ही परिवार व निफ्टम संस्थान में शोक है। प्रोफेसर, शिक्षक और छात्र गहरे सदमे में हैं। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

# बाल भवन पुस्तक मेले में विद्यार्थियों ने पढ़ी ज्ञानवर्धक पुस्तकें



**गन्नौर।** पुस्तक मेले में अपने अभिभावक के साथ पुस्तकें देखता छात्र।

**गन्नौर।** बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल में पुस्तक मेले का आयोजन किया गया। पुस्तक मेले में कहानी की किताबें, ज्ञानवर्धक पुस्तकें, प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकें, कामिक्स तथा सामान्य ज्ञान की पुस्तकें उपलब्ध कराई गईं। विद्यार्थियों ने अपनी रुचि के अनुसार पुस्तकें खरीदीं और मेले का भरपूर आनंद लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य जयभारत गुप्ता ने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पुस्तकें पढ़ने के लिए प्रेरित किया और कहा कि पुस्तकें हमारे जीवन की सच्ची मित्र होती हैं। शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

### सूचना


मैं, मायावती पत्नी श्री पवन कुमार निवासी तर्कपुर तह. खरखौदा जिला सोनीपत बयान करती हूं कि मेरी पुत्री करीस्टी मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।















तापमान
अधिकतम 12.7 डिग्री
न्यूनतम 6.5 डिग्री


हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, गुरुवार 1 जनवरी 2026

7 सनपेड़ा में एनएसएस शिविर का समापन



7 बीपीएस महिला विवि को ग्रीन मैट्रिक्स में देश में 21वां स्थान






B.I.P.S.
BUDDHA INTERNATIONAL PUBLIC SCHOOL
V.P.O. Khurampur, Kharkhoda, Sonipat (HR) 131402
Boys Hostel Facility Available.
Empowers students with knowledge.
Believes in learning by doing.
Inculcating skills (Life, Social, sports, Soft, Communication, Leadership).
Creating Global citizens by Heart.
Believe in methodical approach.
Where strategy meets scheduling.
ADMISSION OPEN
SESSION 2026-27
Wish You a Very Happy
New Year~2026
7419808090, 7419808091
bipskharkhoda@gmail.com


गुरुकुल सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, मटिण्डू
CBSE-Affiliated, Co-educational School, Hostel (Boys)
मैनेजमेंट और स्टाफ की ओर से
2026 नववर्ष
की हार्दिक शुभकामनाएँ
नया साल आपके जीवन में सफलता, सौभाग्य और खुशियाँ लेकर आए।
सत्र 2026-2027 के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुका है।
इस वर्ष फ़ीस में कोई वृद्धि नहीं हुई है।
9992220662 | 8607215226 | 9812070009


जनता का बेटा
आप सभी क्षेत्रवासियों को
नव वर्ष 2026,
मकर संक्रांति एवं
गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
इंजि. नवीन राणा


स्व. मा. महेन्द्र सिंह दहिया
पूर्व विधायक
आप सभी क्षेत्रवासियों को
नव वर्ष 2026 एवं मकर संक्रांति
की हार्दिक शुभकामनाएं
नरेन्द्र दहिया एडवोकेट
जिला सहसंयोजक भाजपा, चुनाव आयोग विभाग
गांव सिलाना (हलका खरखौदा)


आप सभी क्षेत्रवासियों को
नव वर्ष 2026
लोहड़ी व मकर संक्रांति
की हार्दिक
शुभकामनाएं
कुलदीप पहलवान
समाजसेवी
मो. 9416013698
सिकंदर दहिया
खरखौदा
मो. 9811844068


आप सभी क्षेत्रवासियों को
JIWANI HOSPITAL SINCE: 1996
जीवनी हस्पताल
खरखौदा
की तरफ से
नववर्ष 2026
की
हार्दिक शुभकामनाएँ
डॉ. अरमान सिंधु
(एम.बी.बी.एस., एम.डी.)
डॉ. अनीता सिंधु
(बी.ए.एम.एस, स्त्री रोग विशेषज्ञ)
डॉ. पल्लवी सिंधु
(एम.बी.बी.एस., एम.डी. (स्त्री रोग विशेषज्ञ)
स्थान : जीवनी हस्पताल, सांपला रोड़, खरखौदा, जिला सोनीपत

# बीपीएस महिला विवि को ग्रीन मैट्रिक्स में देश में 21वां स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

■ विश्व स्तर पर आयोजित इस रैंकिंग में 1745 विवि ने भाग लिया

पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं सतत विकास के क्षेत्र में भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) खानपुर कलां ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। विवि ने यूनिवर्सिटी ऑफ इंडोनेशिया द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित ग्रीन मैट्रिक्स रैंकिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देशभर में 21वां स्थान प्राप्त किया है जो एक गर्व का विषय है। विश्व स्तर पर आयोजित इस रैंकिंग में 1745 विश्वविद्यालयों ने भाग लिया। इनमें महिला विवि को 564वीं वैश्विक रैंक प्राप्त हुई। वहीं भारत से भाग लेने वाले 60 विश्वविद्यालयों में महिला विवि ने 21वीं रैंक हासिल जो क्षेत्र व प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ की टीम से संवाद करते हुए विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि कैंपस को स्वच्छ एवं हरित बनाए रखना केवल संस्थान की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक सदस्य का नैतिक कर्तव्य है।


गोहाना। प्रो. अशोक वर्मा को प्रमाण पत्र भेंट करते कुलपति प्रो. सुदेश व कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव। फोटो : हरिभूमि

### यह सफलता सामूहिक प्रयासों का परिणाम

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिली यह रैंकिंग सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। कुलपति ने आईक्यूएसी की टीम से सुझाव भी मांगे और कहा कि आने वाले समय में विवि के प्रयास और सशक्त होने चाहिए, ताकि भारत में महिला विश्वविद्यालय की रैंकिंग प्रथम स्थान तक पहुंच सके।

### पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्धता

विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. अशोक वर्मा ने बताया कि ग्रीन मैट्रिक्स रैंकिंग के अंतर्गत विश्वविद्यालय के ग्रीन कैंपस, ऊर्जा संरक्षण, जल प्रबंधन, कचरा प्रबंधन और सतत विकास से जुड़े प्रयासों का यूनिवर्सिटी ऑफ इंडोनेशिया द्वारा गहन ऑडिट किया जाता है। यह उपलब्धि महिला विवि की पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# विधायक ने समसपुर गामड़ा में 50.44 लाख के विकास कार्यों का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

विधायक देवेंद्र कादियान ने बुधवार को गांव समसपुर गामड़ा में करीब 50.44 लाख रुपये की लागत से हुए विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन किया। विधायक ने बताया कि गांव में 10.94 लाख रुपये की लागत से फिरनी का निर्माण कराया गया है। वहीं एचआरडीएफ योजना के तहत 17.50 लाख रुपये से पार्क और गऊ घाट का निर्माण पूरा किया गया। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 12 लाख रुपये की लागत से चार खेतों के रास्तों को पक्का किया गया है, जिससे अब बरसात के मौसम में भी आवागमन आसान रहेगा। इसके अलावा गांव की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से करीब 10 लाख रुपये की लागत से सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। विधायक कादियान का सरपंच गुरमेल सिंह व ग्रामीणों ने विकास कार्यों के लिए आभार जताया। सरकार का लक्ष्य है कि गांवों में सड़क, पार्क, सुरक्षा और अन्य मूलभूत सुविधाएं शहरों के समान उपलब्ध कराई जाएं, ताकि लोगों को सुविधा मिले। इस अवसर पर बाबा दीपक नाथ महाराज, ओम प्रकाश वाल्मीकि, सुरेश, नरेश, कुलदीप, रामकुमार, अनिल चेयरमैन, महेश, नरेंद्र, प्रदीप व प्रवीण सरपंच सहित अन्य मौजूद रहे।


गन्नौर। समसपुर गामड़ा में हुए विकास कार्यों का शुभारंभ करते विधायक देवेंद्र कादियान। फोटो :हरिभूमि

## विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने बैठक कर लिया फैसला

# जाखौली के कन्या स्कूल को पीएमश्री का दर्जा

*अकबरपुर बारोटा स्थित पीएमश्री राजकीय विद्यालय में बहुउद्देशीय खेल भवन का विस्तार किया जाएगा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत जिला जो कि पूरे प्रदेश में एजुकेशन सिटी के नाम से विख्यात है अब खेल शिक्षा के क्षेत्र में भी नई ऊंचाइयां छूने को तैयार है। नए साल 2026 में विद्यार्थियों की खेलों में प्रतिभागिता बढ़ाने के लिए शिक्षा विभाग ने बड़ी योजना तैयार की है। इसके तहत अकबरपुर बारोटा स्थित पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बहुउद्देशीय खेल भवन का विस्तार किया जाएगा। इस विस्तार योजना का मुख्य आकर्षण वहां बनने वाला अत्याधुनिक कुश्ती हॉल होगा जिसमें राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं और अंतरराष्ट्रीय स्तर के मेट बिछाए जाएंगे ताकि स्थानीय प्रतिभाएं वैश्विक स्तर पर जिले का नाम रोशन कर सकें।

### आधुनिक सुविधाएं मुहैया करवाना उद्देश्य

प्रदेश में एजुकेशन सिटी के नाम से विख्यात सोनीपत में वर्ष 2026-27 के शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थियों के लिए आधुनिक सुविधाओं मुहैया करवाने के लिए विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर से विभिन्न निर्णय लिए गए हैं। इसके लिए बुधवार को पंचकूला में उच्च स्तरीय बैठक की गई। बैठक में विभिन्न राजकीय विद्यालयों को पीएमश्री का दर्जा देने के साथ खेलों में विद्यार्थियों की प्रतिभागिता बढ़ाने के लिए अहम निर्णय लिए गए। नए शैक्षणिक सत्र में जिला के गोहाना व गांव जाखौली के राजकीय कन्या विद्यालय को पीएमश्री विद्यालय का दर्जा मिल सकता है। इसके लिए जिला शिक्षा विभाग निदेशालय को पहले से डिमांड भेज चुका है। पीएमश्री का दर्जा मिलने के बाद दोनों विद्यालयों में निजी स्कूलों की तर्ज पर व्यवस्थाएं की जाएंगी। इसके बाद जिला में पीएमश्री विद्यालयों की संख्या 13 हो जाएगी। वर्ष 2024 में जिले में 9 पीएमश्री राजकीय विद्यालय थे, जिनकी वर्ष 2025 में संख्या बढ़कर 11 हो चुकी है। इनके अलावा शैक्षणिक सुधार के लिए 9 राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। वहीं अकबरपुर बारोटा स्थित पीएमश्री राजकीय विद्यालय में विद्यार्थियों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए बहुउद्देशीय भवन का विस्तार कर कुश्ती हॉल का निर्माण करवाकर अभ्यास के लिए आधुनिक मेट बिछवाया जाएगा। इस व्यवस्था के लिए विभाग की ओर से जल्द बजट तैयार किया जाएगा।

### कुश्ती हॉल का निर्माण करवाया जाएगा: गुलिया

विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर से विभाग को नई गाइडलाइन जारी की गई है। इसमें नए शैक्षणिक सत्र से जिला के विद्यार्थियों के लिए पढ़ाई के साथ खेलों में प्रतिभागिता के लिए अहम निर्णय लिए गए हैं। अकबरपुर बारोटा स्थित पीएमश्री राजकीय विद्यालय में कुश्ती हॉल का निर्माण करवाया जाएगा। दो अन्य राजकीय विद्यालयों को पीएमश्री का दर्जा मिल सकेगा।

*-नवीन गुलिया, जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत*

# 1500 रुपये के साथ नगर निगम का क्लर्क गिरफ्तार, रिश्वत का आरोप

■ निगम ऑफिस में प्रॉपर्टी आईडी ठीक करने के बदले पैसे लेने का आरोप, कोर्ट के आदेश पर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

थाना सिविल लाइन पुलिस टीम ने नगर निगम सोनीपत में प्रोप्रटी आईडी ठीक करने के नाम पर रिश्वत लेने के प्रकरण में संलिप्त क्लर्क को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस ने आरोपित से 1500 रुपये बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपित की पहचान हरिओम निवासी जिला जींद के रूप में हुई है।

### यह है मामला

मामले से जुड़ी जानकारी के अनुसार विनोद निवासी गांव हलालपुर, हाल मोहन नगर सोनीपत ने थाना सिविल लाइन में शिकायत दी थी कि उसे अपने प्लॉट का रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए नगर निगम से प्रोप्रटी आईडी और एनओसी की आवश्यकता थी, लेकिन जांच के दौरान प्रोप्रटी आईडी किसी अन्य प्लॉट पर प्रदर्शित हो रही थी। इस संबंध में वह नगर निगम सोनीपत के क्लर्क अमित से मिला। शिकायत के अनुसार दो बार ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाया गया लेकिन आवेदन रिजेक्ट हो गया। इसके बाद 6 मई 2025 को क्लर्क अमित ने विनोद के भतीजे रोहित को हरिओम क्लर्क के पास भेजा। 7 मई को विनोद और रोहित हरिओम से मिले, जहां हरिओम ने कथित रूप से कहा कि प्रोप्रटी आईडी ठीक करवाने के लिए सामान्यतः 20 से 25 हजार रुपये लगते हैं, लेकिन 15 हजार रुपये देने पर काम करवा दिया जाएगा। शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। सहायक पुलिस आयुक्त शहर अमित धनखड़ के निर्देशन में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपित हरिओम को गिरफ्तार किया तथा उसके कब्जे से 1500 रुपये बरामद किए।



## राजकीय विद्यालय सनपेड़ा में एनएसएस शिविर का समापन

गन्नौर। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सनपेडा में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन धूमधाम से हुआ। शिविर में करीब 50 विद्यार्थियों ने भागीदारी निभाई। शिविर के दौरान शिक्षा, पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन, साइबर अपराध, कृषि व पर्यावरण कानून जैसे विषयों पर विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को जागरूक किया। मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी आजाद सिंह ने विद्यार्थियों को एनएसएस के महत्व से अवगत कराते हुए राष्ट्र व समाज सेवा के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य सुशील राठी ने विद्यार्थियों को सेवा भाव, अनुशासन और जिम्मेदारी का महत्व बताया।


सोनीपत। सुदामा नगर में पहुंचे विधायक लोगों की समस्याएं सुनते हुए।

### विधायक ने सुनी आमजन की समस्याएं

सोनीपत। विधायक निखिल मदान ने बुधवार को वार्ड नंबर 2 में सुदामा नगर का दौरा किया। विधायक निखिल मदान सुमेर सिंह सैनी के घर पहुंचे और उनके घर पर शॉर्ट सर्किट से आग लगने के बाद नुकसान का जायजा लिया। विधायक निखिल मदान ने मौके पर बिजली विभाग के अधिकारियों को सुदामा नगर की गलियों में बिजली के नए खंबे लगाने और सभी तारों को उसे पर शिफ्ट करने के निर्देश दिए। ताकि घरों के ऊपर लटकी तारों में शॉर्ट सर्किट से बचा जा सके और आग लगने की घटनाओं को रोका जा सके। इसके साथ ही विधायक निखिल मदान ने बिजली के खंबे लगाने के बाद उन पर नई स्ट्रीट लाइट लगाने के भी निर्देश दिए गए। विधायक निखिल मदान ने बताया कि सुदामा नगर की सभी गलियों को सीसी से पक्का किया जा चुका है, साथ ही मुखी अस्पताल के साथ बने वाटर बूस्टर से पेयजल आपूर्ति भी नियमित समय पर की जा रही है। साथ ही ड्रेन नंबर 6 को ढकने के बचे हुए काम को भी जल्द पूरा कर दिया जाएगा। इस अवसर पर निगम पार्षद सुरेंद्र नैय्यर,निगम पार्षद नवीन तंवर, सुमेर सैनी, लखमी चंद, ओम प्रकाश, बिट्टू, हरदीप राठी, चमन सैनी, संतोष, कमला आदि मौजूद रहे।

# शिव मार्केट प्रवेश द्वार का जर्जर लेंटर बना खतरा, अतिक्रमण से आवागमन बाधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

शिव मार्केट गन्नौर के प्रवेश द्वार पर बना लेंटर जर्जर हालत में पहुंच चुका है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय दुकानदारों के अनुसार लेंटर का कुछ हिस्सा पहले भी टूटकर आने-जाने वाले लोगों पर गिर चुका है। इसके बावजूद अब तक इसे हटाने की कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे जनहानि की आशंका बनी हुई है। मार्केट के एक-दो दुकानदार कार्रवाई में बाधा डाल रहे हैं और लेंटर तुड़वाने नहीं दे रहे। स्थानीय दुकानदारों ने इस संबंध में सीएम विंडो पर शिकायत दे कर कार्रवाई की मांग की है।


गन्नौर। सीएम विंडो पर की गई शिकायत की प्रति दिखाते दुकानदार।

### अतिक्रमण हटवाने की मांग

शिकायतकर्ताओं ने बताया कि शिव मार्केट और पंजाबी मार्केट के कुछ दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों के आगे करीब आठ-आठ फुट तक अतिक्रमण कर बैठने से रास्ता संकरा हो गया है। इससे पैदल चलने वालों सहित दोपहिया वाहनों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अतिक्रमण के कारण शिव मार्केट का प्रवेश द्वार भी स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देता। यह गली एक अस्पताल की ओर भी जाती है, लेकिन हालात ऐसे हैं कि आपात स्थिति में एंबुलेंस पहुंचना तो दूर, बाइक और स्कूटर का निकलना भी मुश्किल हो गया है। उन्होंने जर्जर लैंटर को तुड़वाने और अतिक्रमण हटवाने की मांग की है।



### श्रमिकों को गर्म वस्त्र बांटे

सोनीपत। वरिष्ठ नागरिक परिषद द्वारा बुधवार को गांव पांची जाटान स्थित ईंट भट्ठा पर काम करने वाले श्रमिक और उनके आश्रितों को गर्म वस्त्र वितरित किए। प्रधान बलदेव राज आहुजा, संरक्षक वेदपाल आर्य की अगुवाई में संस्था के सदस्यों ने यहां पर कंबल, शाल, गर्म जुराबें, गर्म टोपियां व जर्सियां बांटी। इस दौरान 500 श्रमिकों को गर्म वस्त्र वितरित किए गए।


खरखौदा। विद्यार्थियों को सम्मानित करते प्राचार्या शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

### खेलों से नेतृत्व की भावना विकसित : सुमन

खरखौदा। दिल्ली मार्ग स्थित जेबीएच सीनियर सैकेंडरी स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस खेल उत्सव में विद्यार्थियों ने अपनी खेल प्रतिभा और अनुशासन का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिसका शुभारंभ स्कूल प्राचार्या सुमन दहिया द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित करके किया गया। विभिन्न खेलों में विद्यार्थियों ने न केवल अपनी शारीरिक दक्षता दिखाई बल्कि टीम भावना और खेल कौशल का भी परिचय दिया। इसी के साथ विद्यालय में नव वर्ष मनाया गया। सभी कक्षा के छात्र-छात्रों के बीच फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति हुई और ग्रीटिंग कार्ड बनाओ प्रतियोगिता रखी गई। विद्यार्थियों ने एक दूसरे को तथा अपने अध्यापक - अध्यापिकाओं को हाथ से बने हुए ग्रीटिंग कार्ड देकर नव वर्ष की बधाई दी। अच्छा ग्रीटिंग कार्ड बनाने वाले विद्यार्थियों को स्कूल प्राचार्या की तरफ से पुरस्कार दिया गया। खेल कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को स्कूल प्राचार्या ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्कूल प्राचार्या सुमन दहिया ने बताया कि खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखता हैं बल्कि बच्चों में नेतृत्व और धैर्य की भावना को भी विकसित करते हैं। मंजू दहिया, कविता पांचाल, कविता गर्ग, ज्योति शर्मा, पूजा दहिया, अचित्रा पंवार, ज्योति शर्मा, प्रीति दहिया, मंजीत दहिया आदि शिक्षक मौजूद रहे।

### प्रवक्ता विनोद सेवानिवृत

खरखौदा। राजकीय कवमवि रोहणा में सेवारत राजनीति शास्त्र के प्रवक्ता विनोद बुधवार को सेवानिवृत हो गए। शिक्षकों ने सम्मानित किया। बताया कि रा कन्या प्राथमिक विद्यालय काकड़ौद जींद में 28 अगस्त 1995 से 14 फरवरी 1997 जेबीटी शिक्षक के रूप में शैक्षिक करियर की शुरुआत की थी। ठीक 1 वर्ष बाद वे जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत लगने वाले हर विषय के प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर बन गए थे।

### मिड-डे मील का सामान चोरी

सोनीपत। कुम्हार गेट स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वमावि से चोर मिड-डे मील में उपयोग होने वाला सामान चोरी कर ले गए। प्राचार्य संजीव ने प्राथमिकी दर्ज कराई है कि शनिवार तीसरे पहर छुट्टी के बाद कर्मचारी कमलेश सभी दरवाजों व मुख्य गेट पर ताले लगाकर चली गई थीं। सोमवार को चोरों ने चोर रसोई से तीन गैस सिलिंडर, दो स्टील के चूल्हे, करीब 150 प्लेट और 88 गिलास चोरी कर ले गए।

# घूमने निकले थे मंसूरी, घने कोहरे में ट्रक में घुसी स्कॉर्पियो, युवक की मौत

## *केएमपी एक्सप्रेस वे पर पिपली टोल के समीप हादसा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) एक्सप्रेस-वे पर पिपली टोल के समीप सडक़ किनारे खड़े ट्रक में टकराने से स्कॉर्पियो सवार युवक की मौत हो गई और छह दोस्त घायल हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और खुशियों से भरा सफर पलभर में मातम में बदल गया। गुरुग्राम जिले के गांव नानू कला निवासी अमर सिंह ने प्राथमिकी दर्ज कराई है कि उनका बेटा अभिषेक (23) अपने दोस्तों हिमांशु, मोहित, आकाश, नितेश, सागर और मनीष के साथ स्कॉर्पियो गाड़ी में नूतन वर्ष मनाने व घूमने के लिए उत्तराखंड के मसूरी जा रहे थे। जब वह मंगलवार देर रात डेढ़ बजे केएमपी एक्सप्रेस-वे पर पिपली टोल के पास पहुंचे तो घने कोहरे के कारण दृश्यता बेहद कम हो गई। इसी दौरान सडक़ पर बिना किसी चेतावनी संकेत के खड़े ट्रक में स्कॉर्पियो जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अभिषेक गंभीर चोट लगने से मौके पर ही बेसुध हो गया, जबकि उनके अन्य साथी भी घायल हो गए। सभी घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सक ने अभिषेक को मृत घोषित कर दिया। वहीं, घायल मोहित और नितेश की हालत गंभीर होने के चलते प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया। अन्य घायलों का इलाज चल रहा है। हादसे का शिकार हुए अभिषेक की 29 नवंबर को ही शादी हुई थी।


सोनीपत। हादसे के बाद अस्पताल में पहुंचें परिजन। फोटो :हरिभूमि


मृतक अभिषेक का फाइल फोटो।

**खेल** — अर्जुना हिंदू स्पोर्ट्स अकादमी ने अपोलो गन्नौर को 4-0 से हराया, नॉकआउट आधार पर हुई प्रतियोगिता

# अर्जुना स्पोर्ट्स अकादमी हिंदू स्कूल ने फुटबॉल विंटर कप खिताब जीता, वारिश ने दागे दो गोल

*नमन को बेस्ट प्लेयर और आर्यन को बेस्ट स्कोरर और गोलकीपर का खिताब मिला*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

अर्जुना स्पोर्ट्स अकादमी और हिन्दू शिक्षण एवं धर्मार्थ समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय फुटबाल विंटर कप प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में अर्जुना स्पोर्ट्स अकादमी हिंदू स्कूल की टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए अपोलो गन्नौर को 4-0 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम की ओर से वारिश ने दो गोल दागे, जबकि अमन और आर्यन ने एक-एक गोल किया। अपोलो गन्नौर को उपविजेता के रूप में संतोष करना पड़ा।



सोनीपत। विजेता खिलाड़ियों को ट्राफी देते हुए। फोटो :हरिभूमि

### विजेता टीम को 11000 रुपये नकद और ट्रॉफी प्रदान की

विजेता टीम को 11000 रुपए नकद और ट्रॉफी प्रदान की गई, जबकि उपविजेता टीम को 7100 रुपए और ट्रॉफी मिली। प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने भाग लिया और इसे स्टेप्स फाउंडेशन के सहयोग से नॉकआउट आधार पर आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में बेस्ट प्लेयर का पुरस्कार नमन को मिला। बेस्ट स्कोरर और बेस्ट गोलकीपर का खिताब आर्यन को मिला, जबकि उभरते खिलाड़ी का पुरस्कार रोहित को प्रदान किया गया। पुरस्कार वितरण डॉ. सुरेंद्र गहलावत द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला फुटबॉल संघ के महासचिव नरेश मलिक, सहसचिव सुरेंद्र सिंह, सपोर्टिंग नेशनल क्लब के प्रधान पंकज गुलिया सहित अमरजीत दलाल, जयभगवान, नीतीश, राहुल, मंजीत राठी और अन्य सदस्य मौजूद रहे।


जनस्वास्थ्य विभाग कार्यालय में योग ब्रेक के दौरान योगाभ्यास करते कर्मचारी।

# नियमित योग अभ्यास से मानसिक तनाव से मिलेगा छुटकारा : विरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

जनस्वास्थ्य विभाग कार्यालय में आयुष विभाग द्वारा बुधवार को पांच मिनट के योग ब्रेक के दौरान योगाभ्यास करवाया गया। योग सहायक विरेंद्र सिंह ने अपनी टीम के साथ कार्यालय कर्मचारियों को योगाभ्यास कराते हुए योग के महत्व के बारे में जानकारी दी। विरेंद्र सिंह ने बताया कि नियमित योग अभ्यास से मानसिक तनाव कम होता है और कार्यक्षमता में वृद्धि होती है। योग से शरीर निरोग रहता है तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। उन्होंने कर्मचारियों से प्रतिदिन योग को दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया।